उपाध्यक्ष महोदय, जब यह सरकार फौरेस्ट बोर्ड के लिए ग्रांट–इन–एड की डिमांड कर रही है और यह प्ली दी जा रही है कि चूंकि यह बोर्ड एक आटोनोमस बोडी है इसलिए हम इसको ग्रांट–इन–एड देंगे। मैं मुख्य मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि ग्रांट–इन–एड उस कार्पोरे ान या बोर्ड को दी जाती है जिसकी फाइनैंि ायल पोजी ान खराब हो, जहां घाटा हो रहा हो जिसके पास पैसा न हो, जिस तरह हम घाटा होने पर यूनिवर्सिटी को, बोर्ड या कार्पोरे ान को देते है। यह सरकार ग्रांट–इन–एड के माध्यम से फौरेस्ट बोर्ड को पैसा देना चाहते है और मेरे ख्याल में यह गैर कानूनी है क्योंकि बोर्ड को कोई घाटा नहीं हो रहा है। इसकी फाइनैंि ायल पोजी ान खराब नहीं है और न ही कोई प्र ाासनिक अड़चन ही है।

श्री अध्यक्षः आप जल्दी खत्म करें। आपका टाईम हो चुका है।

चौधरी साहब सिंह सैनीः दो मिनट में खत्म कर दूंगा। इसके साथ ही साथ मैं सदन को बताना चाहता हूं कि फौरेस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड के अकाउंटस ए0 जी0 को भेजे गए। उपाध्यक्ष महोदय आपने अखबारों में पढ़ा होगा कि ए0 जी0 हरियाणा ने

कहा है कि फोरैस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड के अकाउंट का कोई पैटर्न निर्धारित नहीं है इसलिए हम इसका औडिट नहीं करेंगे। ए0 जी0 हरियाणा ने औबैजक ान रेज किया है और ए0 जी0 हरियाणा ने सी0 ए0 जी0 को भी लिखा है लेकिन हरियाणा सरकार ने ए. जी. के औबैजक ान पर कोई ध्यान नहीं दिया है और न ही उस औबैजक ान को सुधारने की कोि ा ा की है। उपाध्यक्ष महोदय, जो आटोनोमस बौडीज है उनके अकाउंटस लोकल फंड कंट्रोलर औडिट करता है लेकिन फौरेस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड के अकाउंटस लोकल फंड कंट्रोलर को नहीं भेजे गए। इस प्रकार की इल्लीगैलिटीज और इररैगूलैरेटीज उस फोरेस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड में हो रही है जो बिल के माध्यम से बनाया गया था। उसके ऐस्टीमैटस विधान सभा के पास करवाना बिल्कुल गलत है, गैर कानूनी है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं सदन को बताना चाहता हूं कि 1982–83 को फौरेस्ट डिपार्टमैंट का बजट फौरेस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड को दे दिया और इस प्रकार ग्रांट–इन–एड की डिमांड हाउस से पास करवा कर बोर्ड को पैसा दिया जा रहा है। ये सारी गलत बातें है। मैं सदन को यह भी बताना चाहता हूं कि फौरेस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड ने जी0टी0 रोड़ के साथ साथ बहुत सारे पेड़ काट दिए है और जो नए पेड़ लगाए है वे सिर्फ यह दिखाने के लिए कि बोर्ड ने बहुत काम किया है और बहुत अधिक पेड़ लगाए है, लेकिन इंटीरियर में हालत यह है कि बोर्ड ने कोई काम नहीं किया है। अगर सही तरह से पैसा खर्च किया जाता और ठीक काम किया जाता तो फौरेस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड के लिए पैसे की

जरूरत नहीं थी। मेरे ख्याल में यह डिमांड जैनुअन नहीं है। मेरी सदन से प्रार्थना है कि इसको रद्द किया जाए और सदन इस डिमांड को पास न करे।

श्री भागी राम(ऐलनाबाद–अनुसूचित जाति): उपाध्यक्ष महोदय, हाउस में अनुपूरक अनुमान की पहली किस्त सरकार सदन से पास करवाना चाहती है। उपाध्यक्ष महोदय, ये मांगे मैजोरिटी के बल पर पास तो हो जाएंगी लेकिन फिर भी मैं इनका विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं। सबसे पहले मैं डिमांड नं0 8 को लेता हूं जो बिल्डिंग्ज और रोडज के बारे मैं है। उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा के अंदर सड़कों का क्या हाल है यह सब को पता है। सिरसा जिले में बहुत सी ऐसी सड़कें है जिनको पंद्रह–पंद्रह साल बने हो गए है लेकिन अब तक उन सड़कों पर कोई मुरम्मत का काम भ्रुरू नहीं हुआ है। हरियाणा में जो सड़कें बनाई जाती है उनका मैटीरियल जैसे ईंटे, सीमेंट, तारकोल आदि पता नहीं कहां से लाया जाता है सड़क अभी बनकर तैयार नहीं होतीकि उससे पहले ही उखड़ना भ्रुरू हो जाती है। इसी तरह से बिल्डिंग्ज जो बनाई जाती है, उनका हाल है। बिल्डिंग्ज पूरी होने से पहले ही गिरनी भ्रुरू हो जाती है। दीवार फट जाती है, छत गिर जाती है। कहने का मतलब यह है कि बिल्डिंग्ज और रोड़ज का बहुत बुरा हाल है। आज सवेरे ही चौधरी भजन लाल जी कह रहे थे कि हरियाणा में कोई गांव ऐसा नहीं है जो सड़क से न जुड़ा हो। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि हरियाणा में हजारों गांव ऐसे है

जिनमें सड़कें नहीं है। मेरी अपनी कांस्टच्युएंसी में नौ सड़कें ऐसी है जो बहुत दिनों से मंजूर हुई पड़ी है, इनमें से कई सड़कें तो चौधरी देवी लाल के समय में मंजूर हुई पड़ी है, लेकिन अब तक कोई काम उन सड़कों पर नहीं हुआ है। मेरे हल्के में एक गांव मौजूखेड़ा हे वहां पर सड़क बनाने के बारे में चीफ मिनिस्टर ने आ वासन दिया था लेकिन हालत यह है कि सड़क तो क्या बननी थी, साइड पर पड़ी हुई ईंटें भी उठवा ली गई। मेरे हल्के में रामपुर थेड़ी, थेड़ सहिदा, मंजिल थेड़, धर्मपुरा, संतोखपुरा, रन्जीतपुर थेड़ी, केयरवाला से चक्का, मौंजूखेड़ा, घमोड़ा खेड़ा, और आठबुर्जी गांव है जहां पर सड़क नहीं है और चीफ मिनिस्टर साहब कहते है कि हरियाणा में कोई गांव ऐसा नहीं है जो सड़क से न मिला हो।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं डिमांड नं0 11 जो भाहरी विकास से संबंधित है, के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। मेरी कांस्टच्युएंसी में रानियां और ऐलनाबाद दो कस्बे है। यहां पर गुरूद्वारा रोड और ममेरा रोड़ दो रोडज है जिनकी हालत बहुत ही खराब है। यहां पर पानी खड़ा हुआ है। सिरसा जिलें के दो मिनिस्टर यहां बैठे है और तीसरे की छुट्टी कर दी गई है लेकिन फिर भी सिरसा जिले के साथ बहुत ही भेदभाव की नीति बरती जाती है। रानियां डबवाली, और कालांवाली में हरिजन बस्तियों की हालत बहुत ही खराब है। वहां से कोई आदम आसानी से गुजर नहीं सकता। यहां पर लछमन दास अरोड़ा और

जगदी ा नेहरा दो मिनिस्टर बैठे है लेकिन ये भी सिरसा जिलें के लिए कुछ काम नहीं करवा सकते। पिछले दिनों जगदी ा नेहरा ने एक पब्लिक मीटिंग में लोगों को कहा कि तुम्हारे काम कैसे हो सकते है तुमने तो भागीराम को जिताया है। कितन अफसोस की बात है कि एक मिनिस्टर पब्लिक जल्से में यह कहे कि आपने अपोजी ान के एम0एल0ए0 को जिताया हैं इसलिए कोई काम नहीं हो सकता।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं समाज कल्याण के बारे में कहना चाहता हूं। हरिजन कल्याण निगम और हरिजनों के बारे मैं बहुत कुछ कहा जाता है कि हरिजनों की भलाई के लिए यह सरकार बहुत कुछ कर रही है। जब भी हरिजनों के बारे में कोई कागज पत्र सरकार के पास जाता है तो बहुत जोर से गीत गाये जाते है लेकिन वास्तव में होता कुछ भी नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब, यह सरकार वृद्धावस्था पैं ान देती है लेकिन हातल यह है कि चार–पाच साल से लोगों ने फार्म भरे हुए है अभी तक उनके पास कोई लैटर नहीं गये और न ही उनकी कोई पें ान ही मंजूर हुई है। जिन लोगों की मंजूर हुई भी है, उनको अभी तक कोई पैसा नहीं मिला है। मेरे अपने गांव के चार आदमियों को पैं ान मिलती है। वे कह रहे थे कि पिछले छः महीने से हमें अभी कोई पैसा पैं ान का नहीं मिला है। मेरे अपने हल्के के एक गांव हरिपुरा में सन 1982 में एक सरपंच ने एक रेजोल्यु ान पास करवाया था कि हरिजनों को मकान बनाने के लिये प्लाटस दिये

जाएं और उस वक्त सरकार की तरफ से 63 हरिजनों को प्लाटस भी दिये गये। अब पंचायत के नये इलैक ान हुए और जो वहां का नया सरपंच चुना गया, उसने पता नहीं इस पहले वाले रेजोल्यु ान को क्यों फाड़ कर फैंक दिया है। उन प्लाटों के जो नक ो है वे पास हुए पड़ें है। जहां हरिजनों के प्लाटस थे जहां पर उन लोगों ने कच्ची पक्की झोपड़ियां डाल रखी थी वहां पर उस सरपंच ने अपने दम पर दो–ंतीन ट्रैक्टरों द्वारा करवा फिरवा दिया वहां पर एक सताधारी आदमी है उसका कब्जा करवाने की सोची जा रही है और उस जमीन पर अब जवार बिजवा दी गयी हैं। (ोम भोम की आवाजें) मुझे यहां तक पता चला है कि उस सरपंच का बहनोई उस सारी जमीन पर कब्जा करना चाहता है। 13–14 एकड़ जमीन ऐसी है जोकि हरिजनों को प्लाटस के लिये दी गई हैं, मगर सारी की सारी जमीन पर वह सरपंच अपने बहनोई का कब्जा करवाना चाहता है। इन हरिजनों ने वहां के डी0 सी0 महोदय की कोठी पर प्रोटैस्ट के तौर पर धरना भी दिया था। लोगों ने होम मिनिस्टर साहब से भी मुलाकात की लेकिन वह आदमी इतना ताकतवर है कि वह भजन लाल जी और दूसरे मिनिस्टरों की कोई परवाह नहीं करता। पता नहीं वह आदमी इन लोगों की भाह पर ही इतना सारा कुछ कर रहा है। मैं यह बात बड़ी जिम्मेवारी के साथ कह रहा हूं। मैंने पहले भी बताया था कि उन प्लाटों के नक ो भी लोगों ने मकान बनाने के लिए बनवा लिये कब्जा भी लोगों के पास है, और फिर उन गरीब हरिजनों को यह कह दियागया कि आपको किसी दूसरी जगह पर प्लाटस

दे दिये जाएंगे। इन लोगों ने वहां पर अपनी कच्ची पक्की झोपड़ियां भी बना रखी है। पता नहीं सरकार को अब कौन सी दिक्कत आ गई है, जिसके कारण पहले अलाटीज को वहां से भगाया जा रहा है। उन लोगों को यह भी कहा जा रहा है कि आप सरकार से समझौता कर लो। भाायद इसलिये कह रहे हे कि उनकी जमीन पर उस सरपंच ने करवा फिरवा दिया। करवा इसलिए फिरवाया क्योंकि उन लोगों ने सरकार के खिलाफ वोट दिया था। (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए) स्पीकर साहब, मैं बताना चाहता हूं कि लोगों ने होम मिनिस्टर साहब से भी इस बारे में बातचीत की थी और उन्होंने हरिजनों को आ वासन भी दिया था कि उनके प्लाटस दे दिये जाएंगे लेकिन कितने अफसोस की बात है कि यह सरकार उन अलाटीज को उजाड़ने पर उतारू है। स्पीकर साहब, जो रेजोल्यू ान था उसमें यह लिखा हुआ था कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम को कामयाब करने के लिये यह प्लाटस दिए जाएंगे लेकिन पता नहीं भजन लाल जी का यह 420 सूत्रीय कार्यक्रम है या बीस सूत्रीय कार्यक्रम है, जिसके तहत यह सरकार इस तरह का काम करने जा रही है? स्पीकर साहब, आप इन्हें समझायें क्योंकि ये आराम से मानने वाले नहीं है। आप इनको झाड़ डाले ताकि इनको भार्म आये। आज गांवों के अंदर गरीब लोगों के साथ, कमजोर वर्ग के लोगों के साथ, पिछड़े वर्ग के लोगौं के साथ सत्ताधारी लोग बेदखली फैला रहे है। अगर कोई व्यक्ति कांग्रेसी नहीं है तो उसको बसने की इजाजत नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, चारों तरफ ही अंधेरा फैला हुआ है जैसे कि लछमन सिह जी कह रहे थे। आज अगर वे डिसीडैंट बन गये तो उनको मरवाने की बात हो रही है इसी तरह से चौटाला में हुआ है। थाने में हरिजनों को मारा गया और पुलिस वाले उसको गाड़ी में लदवा के कहीं दूसरी जगह ले गये। कोई कहता है कि चीफ मिनिस्टर मरेा आदमी है, कोई कहता है कि मैं उनका साला हूं, कोई कहता है कि मैं उनका बहनोई हूं। जो लोग हरिजनों को तंग करते है मार पीट करते है उनको पुलिस भी कुछ नहीं कहती। इस तरह से आप ही बताओं कि हरिजन जताएं तो कहां पर जाएं?

अध्यक्ष महोदय, अब मैं डिमांड नं0 20 पर फारेस्ट के बारे में कहना चाहता हूं कि इसका हरियाणा प्रांत के अंदर बहुत बुरा हाल है। मेरे अपने गांव की पचास एकड़ जीमन फारेस्ट वालों को दी गई है। वह जमीन दस सालों से दी हुई है। लेकिन उस जमीन अब तक भाायद कोई भी दरखत नहीं उगा है। अगर कहीं एक आध उगा भी है तो वह फारेस्ट विभाग की तरफ से नहीं उगाया गया हैं। नहरों और सड़को के किनारों पर जो कीकर के वृक्ष लगाये गये है, उनको कोई खास लाभ नहीं है, न ही वे किसी काम ही आते है। छोटे–छोटे दरखतों को भी काटा जा रहा है। अभी ऐलनाबाद में किसी मिनिस्टर साहब के यहां भाादी थी। उस वक्त सफाई करने के बहाने से सड़क के दोनो तरफ छोटे–छोटे दरखतों को काट दिया गया। इस तरह से बहुत

बुरा हाल हरियाणा में फारेस्ट का हो रहा है। स्पीकर साहब, आप इन सभी मिनिस्टरों को एक मीटिंग में बुलाएं और डांटे ताकि ये जो इस तरह की हरकतें कर रहे है इनको बंद करें। (ाोर एवं विघ्न)

श्री अध्यक्षः भागी राम जी मैं आपको ही नहीं डांट सकता तो इनको कैसे डांटूगा?

श्री भागी रामः अध्यक्ष महोदय, अंत में मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं और यह कहकर अपना भाशण समाप्त करता हूं कि यह बातें इन के लिये बड़ी भार्मनाक है। इन को ऐसा तरीका अपनाना चाहिये जिससे हरियाणा प्रांत का भला हो सकें।

श्री कंवल सिंह (धिराये): अध्यक्ष महोदय, यह जो सप्लीमैंटरी ग्रांटस हाउस के सामने डिस्कस हो रही है मैं उन पर अपने विचार हाउस के सामने रखने के लिये खड़ा हुआ हूं। स्पीकर साहब, चार केसिज ऐसे है जिनमें जमीन एक्वायर की गई है और जिन का जिकर मेरे से पहले बोलने वाले मेरे साथियों ने भी किया है। चारों केसिज में हाई कोर्ट या लोअर कोट्र ने कम्पंसे ान एनहांस किया है। यह बात बार बार इस सदन के सामने आई है कि हरियाणा के अंदर गरीब किसान और ज्यादातर मैजोरिटी उन गरीब लोगों की है जिनके पास पांच सात एकड़ या इससे भी कम जमीन है। देखने वाली बात तो स्पीकर साहब यह

है कि सरकार अपने डिवैल्पमैंट के कार्यों के लिये छोटे जमींदारों की जमीन ले रही है। कहीं पर सरकार ने इस जमीन को लेकर कम्पलैक्स बनाने होते है कहीं पर इंडस्ट्रीयल एस्टेटस सैट अप करने होते है। स्पीकर साहब एक्वीजी ान प्रोसीडिंग्ज के बारे में आप अच्छी तरह से वाकिफ है। यह देखने वाली बात है कि इन चारों केसिज में जितना पैसा किसान को मिलना चाहिये था उसका एक चौथाई भी भायद उन लोगों को नहीं मिल पा रहा है। केवल वही आदमी मुआवजा ले पाते है, जो साधन सम्पन्न है। उन लोगों को पैसा मिल जाता है जो कोर्ट में जाने की क्षमता रखते हों या जो झगड़ सकते हों, लेकिन हो सकता है उनको भी पैसा पूरा न मिलता हो। जिन लोगों के पास कोर्ट में जाने की क्षमता नहीं थी, वे बेचारे ऐसे ही रह गये।

स्पीकर साहब, मैं आपको तो ाम हल्के की बात बताना चाहता हूं। वहां पर पी0डब्ल्यू0डी0 स्टोर बना है जिसकी जमीन को कम्पैन्से ान एल0ए0ओ0 साहब ने केवल 3200 रूपए प्रति एकड़ रखा था। अपीलें करने पर जिला जज ने बढ़ाकर दस हजार रूपये प्रति एकड़ कर दिया। सरकार को अपने अधिकारियों को चौकन्ना करना चाहिये कि कम्पैंसे ान सैटल करते समय सब बातों को ध्यान मैं रखते हुए सही कम्पेंसे ान दें। अंदाजा ठीक क्यों नहीं लगाया जाता? अगर सोच समझ कर कम्पैंसे ान देंगे तो बाद में न सरकार को परे ाानी होगी और न कोर्ट में जाना पड़ेगा। जो जज साहेबान और एच0सी0एस0 अधिकारी है, हम इन

दोनों कैटेगरिज में कोई लम्बा चौड़ा फर्क नहीं समझते। कई जुडि ारी में चले जाते है और कोई एग्जैक्टिव में आ जतो है इससे कोई फर्क नहीं पड़ता लेकिन कोई जसटिस या फेयर प्ले तो होना ही चाहिये। लेकिन फेयरनैस तो है ही नहीं। आप देखें ये 3200 रूपये एकड़ के हिसाब से कम्पैंसे ान देते है जिसको बाद में डिस्ट्रिक्अ कोर्ट ने दस हजार एकड़ के हिसाब से देने को कहा। जिस आदमी ने इतनाकम कम्पनसे ान दिया क्या एाकी एक्सप्लेने ान मांगी गई? इस आदमी की गलती से कितन लोगों को हैरासमैंट हुई है? जो लोग कोर्ट में नहीं जा सके वे इस फायदे से वंचित रह गये। जो लोग कोर्ट में नही जा सके वे गरीब लोग है और कोर्ट में जाने के काबिल नहीं हैं। दूसरे केस में स्पीकर साहब, देखें कि 32,12,025 रूपये तो इन्होंने पहले दे दिये है क्योंकि यह कम्पनसे ान डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने एनहांस किया था। उसके बाद वे लोग हाई कोर्ट में गये। हाई कोर्ट ने 26,78,760 रूपये और देने के आर्डर कर दिये। पहले वे किसान डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में गये फिर हाई कोर्ट में गये। गवर्नमैंट ने यह भी नहीं सोचा कि यहीं बस कर दें । अब गवर्नमैंट सुप्रीम कोर्ट में जाने लग रही है। क्या गवर्नमैंट यह समझती है कि उन लोगों को कोर्ट ने जरूरत से ज्यादा कम्पनसे ान दे दिया हैं? स्पीकर साहब, हरियाणा का कोई भी छोटा से छोटा भाहर ऐसा नहीं है जहां जमीन की कीमत 500 रूपये गज से कम हो। कस्बों में भी 150–200 रूपये गज से कम कीमत नहीं है। बड़े भाहरों में तो हरियाणा में 1000 रूपये गज तक की कीमत है और दूसरी तरफ

किसानों को 10–20 रूपये गज के हिसाब से कम्पनसे ान मिलता है। फिर ये कहते है कि हम गरीबों के और किसानों के हितैशी है। इसके बाद पलवल के जनरल हस्पताल की बात हैं। इसके लिये जमीन एक्वायर की गई और 1,90,920.48 रूपये का कम्पनसे ान दिया गया। जिस का रेट दो रूपये गज के हिसाब से बैठता है। कैसी भी जमीन क्यों न हो दो रूपये का रेट आज कीं भी नहीं है। राजस्थान में भी ऐसा भाव नहीं है। स्पीकर साहब, फरीदाबाद के अंदर इन्होंने अपने जिन चहेते लोगों को डिसक्रि ानरी कोटे से प्लाट दिये है आज उनमें से 500 गज के प्लाट पर 3–4 लाख रूपये का प्रीमियम हैं। इधर बेचारे किसानों ने मु कल से 5–10 कनाल जमीन बचा कर रखी थी उनको दो रूपये गज के हिसाब से कम्पनसे ान मिल रहा है। स्पीकर साहब, जो आदमी कोर्ट में जा सके ये सिर्फ उन्हीं को 33,065 रूपये और कम्पनसे ान मिला है। अगर यह कम्पनसे ान सब को मिलता तो यह रा ि साढें नौ लाख बनती। जो लोग मजबूरी की वजह से कोर्ट में नहीं जा सकें वे इस रा ि से वंचित रह गये। स्पीकर साहब, जैसे मैंने पहले बजाया कि अगर आप देहात में भी जाएं तो वहां भी आपको 20–25 रूपये गज से कम रेट पर जमीन नहीं मिलेगी। पलवल जैसे भाहर में तो सौ रूपये गज से कम नहीं होगी। लेकिन इन्होंने दस रूपये गज का रेट दिया है। इसलिये मैं आपके द्वारा गवर्नमैंट से दर्खास्त करूंगा कि वह गरीबों और किसानों की तरफ ध्यान दें। जिन लोगों को अननसैसरी हैरासमैंट हुई है, उनको अगर आप बचा

सकते है तो जरूर बचाएं। आप अपनी सुप्रीम कोर्ट से अपील वापिस लें। जिन लोगों के पास अदालत में जाने के साधन नहीं थे उनको भी उसी रेट पर कम्पनसे ान दिया जाए। स्पीकर साहब, यही हालत जनरल हस्पताल, नारायणगढ़ की है। इस हस्पताल के लिये जो जमीन एक्वायर की गई उसका पांच हजार रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से कम्पनसे ान दिया गया। डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने इसे बढ़ा कर साढे सात हजार रूपये प्रति एकड़ कर दिया। जब लैंड ओनर इस आर्डर से सैटिसफाई न हुआ तो वह हाई कोर्ट में चला गया। हाई कोर्ट ने उसकी एक कनाल तेरह मरले जमीन को कम्पनसे ान तीन हजार रूपये कर दिया जबकि लोयर कोर्ट ने पंद्रह सौ रूपये किया था। इसके अलावा हाई कोर्ट ने 250 रूपये हैड पम्प का भी कम्पनसे ान देने के लिए आर्डर दिये। बाकी जो लोग कोर्ट में नहीं गये उनको सिर्फ 1,43,800 रूपये कम्पनसे ान मिला। नारायणगढ़ में, मैं नहीं समझता कि बड़े किसान हों। यहां पर बड़े मुअजिज दोस्त बैठे है जो हर वक्त किसानों की बातें करते रहते है। उनको सोचना चाहिए कि किसानों के साथ यह इन–जस्टिस क्यों हो रहा है? मेरे एक सवाल के जवाब में मिनिस्टर साहब ने कह दिया कि हिसार में किसी सोसायटी को जमीन नहीं दी गई हैं। मुझसे सवाल पूछने में फर्क रह गया। अगर मैं यह पूछता कि क्या ऐसा मामला विचारधीन है तो ये कहते है कि हां हम देना चाहते है। स्पीकर साहब, हिसार के अंदर अनाज मंडी है और आटों मार्किट है और दूसरी तरफ बाई पास है। उसके बीच में सौ एकड़ जमीन

पड़ी है। उस जमीन पर इनकी निगाह पड़ गई। भजन लाल जी अपने खास खास ब्यूरोकैसी के कुछ चुने हुए लोगों पर खु ा रहते है। एक सोसायटी बनी और सोसायटी ने कहा कि यहां पर हमें प्लाट दे दीजिये। उस सोसाइटी को 25 रूपयें गज के हिसाब से देने की स्कीम है। कुछ अफसरों ने मुझे टेलीफोन किया कि देखिये, फाइनैंि ायल कमि ानर ने दस महीनों से फाईल दबा रखी थी, आम पता नहीं कहां से आ टपके। मैंने कहा आपकों इसमें क्या एतराज है, क्यों आपको अननैसेसरी फेवर मिले? गवर्नमैंट अफसरों की पैं ान अच्दी करदे तो कोई एतराज नहीं लेकिन कुछ लोगों को फेवर करने के उद्दे य से अगर वहां पर पच्चीसरूपये गज के हिसाब से जमीन दे दें तो मैं समझता हूं कि ठीक नहीं जबकि वहां पर 500 रूपये गज का रेट है।

प ा पालन राज्य मंत्री (चौधरी लाल सिंह): स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर हैं। ये जिस जमीन की बात कर रहे है यह अभी किसी को नहीं दी गई हैं। (ोर)

श्री कंवल सिंहः स्पीकर साहब, ये कहते है कि इनके पास कोई परपोजल नहीं है। अच्छी बात है। स्पीकर साहब, एक तरफ प्रांत का किसान इतना गरीब है कि उसको दो वक्त पेट भर कर रोटी भी नहीं मिलती हो और दूसरी तरफ ये अफसरों को इस तरह फेवर कर रहे है। कहीं पर किसी अफसर की फेवर कर देते है कहीं पर किसी दोस्त की फेवर कर देते है। जिन लोगों को फरीदाबाद और पंचकूला में कोटें से प्लाट मिलने लग रहे है उन

लोगों के साथ फेवर की जा रही है। क्यो डिसक्रि ानरी कोटा रखा गया है, प्रजातंत्र में इस प्रकार का भेदभाव कयों हो? हुड्डा जमीन एक्वायर करता है, आप उसकी फ्री सेल क्यों नही ंकरते। आप डिवैल्पमैंट चार्जिज ज्यादा से ज्यादा लगा लें उसके बाद आक ान से जो बाकी पैसा आए, वह किसानों को दीजिये। **(12. 00बजे)** स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि इस प्रकार की धांधलेबाजी नहीं होनी चाहिए। चौधरी भजनलाल जी ने तो खुद धांधलेबाजी की हुई है, यह बात तो रिकार्ड पर है।

स्पीकर साहब, अब मैं फारेस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। केवल दस रूपए टोकन ग्रांट देकर फारेस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड को सात करोड़ रूपया ट्रांसफर किया जा रहा है। स्पीकर साहब, गवर्नमैंट हेराफेरीकरके यह पैसा फारेस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड को ट्रांसफर कर रही है। आपको यह पता होगा कि केंद्रीय सरकार को भी इस फारेस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड के बनने पर नाराजगी है और इसके बिल्कुल खिलाफ है। यह भी सभी लोगों को पता है और प्रैस में यह बात क्लीयर आ चुकी है कि हाई कोर्ट और केंद्रीय सरकार ने यह कहा है कि फारेसट डिवैल्पमैंट बोर्ड बिल्कुल गलत बनाया है, यह होना ही नहीं चाहिए। स्पीकर साहब, जब हाई कोर्ट ने यह फैसला कर दिया है कि फारेस्ट डिवैल्पमैंअ बोर्ड का कांस्टीच्यु ान गलत है तो इस बोर्ड को जो पैसा ट्रांसफर किया जा रहा है इसका कौन जिम्मेवार होगा? यह पैसा बोर्ड को ट्रांसफर किया जा रहा है इस धांधली

को तो ए0 जी0 साहब भी चैक नहीं कर सकेंगे। इसलिए मैं सारे सदन से यह प्रार्थना करूंगा कि यह पैसा बोर्ड को ट्रांसफर होने से रोका जाए। यह पैसा फारेस्ट डिपार्टमैंट के पास रहना चाहिए ताकि इसकी सकरूटनी ए0 जी0 साहब कर सकें।

श्री देद पाल (घरौंडा): स्पीकर साहब, मैं डिमांड नं0 एक पर अपने विचार प्रकट करना चाहता हूं। यह बहुत अच्छी बात है कि पलवल और नारायणगढ में अस्पताल बनानें के लिए सप्लीमैंटरी एस्टीमेटस में प्रोवीजन किया गया। लेकिन करनाल भाहर महाराज करण की नगर है और एक ऐतिहासिक जिला हैं। उसके बारे में काफी दिनों से यह सुनने में आया है कि करनाल का अस्पताल आबादी के हिसाब से बहुत छोटा हो चुका है। इसलिए मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि करनाल की डिवैल्पमैंट के साथ साथ वहां के अस्पताल का भी निमार्ण किया जाना चाहिए और जो छोटा अस्पताल है उसकी जगह बड़ा अस्पताल बनाया जाना चाहिए जिस तरह से इस सप्लमेंटरी एस्टीमेटस में सोनीपत में एक मिनि सेक्रेटेरिएट की बिल्डिंग के लिए पैसे का प्रोवीजन किया गया है उसी तरह से करनाल भाहर में मिनी सेक्रेटैरिएट बनाने के लिए सप्लीमेंटरी एस्टीमेटस में पैसे का प्रोवीजन किया जाना चाहिए था। मुझे पता है कि आज से 56 साल पहले करनाल में मिनि सैक्रेटेरिएट बनाने का प्रोवीजन था। एग्जिस्टिंग कोर्ट में करनाल में इतनी जगह है कि वहां पर मिनि सैक्रेटेरिएट बनाया जा सकता है। पता नहीं करनाल में मिनि सेक्रेटैरिएट बनाने के

लिए बजट में पैसे का प्रोवीजन क्यों नहीं किया गया।? यदि बजट में प्रोवीजन नहीं किया गया तो सप्लमैंटरी एस्टीमेटस में पैसे का प्रोवीजन किया जाना चाहिए था। इसके अलाव मैं एक बात यह कहना चाहता हूं कि हमारे करनाल जिलें में जो खादर का इलाका है, खास कर घरोंडा का इलाका जिसकी मैं नुमायंदगी करता हूं और सम्भालखां का इलाका जिसकी नुमायंदगी चौधरी कटार सिंह जी करते है तथा इंद्री का इलाका इन इलाकों में सड़कें बहुत कम है। उन इलाकों में सडद्यकें बनाने के बारे में पी0डब्ल्यू0डी0 के टैक्नीकल आफिसर्ज यह अड़चन डालते है कि वहां पर पानी की मार है इसलिए सड़कें बनाना बहुत मु कल है। मेरी समझ में नहीं आता कि वे आफिसर्ज किस बनिा पर यह कहते है कि वहां पर पानी की मार है? आज सारे हरियाणा में जहां पर पहले पानी की उम्मीद नहीं की जा सकती थी आज वहां पर बहुत मात्रा में पानी है और सड़कें भी है। जिन इलाकों में पहले पानी पहुचने की उम्मीद नहीं की जा सकती थी आज उन इलाकों में भी पानी की मार है और वहां पर सड़कें भी बनी हुई है। इसलिए मैं चाहता हूं कि ऐसे अधिकारी जो घरोंडा, सम्भालखां और इंद्री के खादर के इलाकों में सड़कें न बनाने के बारे में अपनी राय देते है, उनकी इस राय में कोई वजन नहीं है। उनका यह कहना कि वहां पर पानी की मार है इसलिए सड़कें नहीं बन सकती, यह बिल्कुल गलत बात है। स्पीकर साहब पानी जहां भी आएगा वहां पर सड़क जरूर टूटेगी लेकिन हमारा जो खादर का इलाका है वह पहले बैकवर्ड इलाका था। उस इलाके को इसलिए सड़कों से

महरूम रखा गया कि वहां पर पानी की मार है। स्पीकर साहरब, हमारे इलाके की यह खु ाकिस्मती है कि वहां पर पानी की मार नहीं है। लेकिन प्रांत के जो दूसरे इलाकें है जहां पर पानी की कोई उम्मीद नहीं की जाती थी वहां पर सड़कें बनी हुई है। हमारे इलाकें के बारे में जो टैक्नीकल एडवाइस है, it should not stant in the way of implementation of the schemes. Thanks.

श्री लछमन सिंह (कालका): स्पीकर साहब, मैं डिमांड नंबर 20 को स्पोर्ट करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं यह चाहूंगा कि इसको पास कर दिया जाए। मैं आपके माध्यम से सरकार को कुछ सुझाव देना चाहूंगा और यह उम्मीद करूंगा कि सरकार प्रैस्टीज क्वै चन बनाये बगैर उसके उपर गौर करेगी। स्पीकर साहब, सारे दे । के अंदर फारेस्ट डिवैल्पमैंट कारपोरे ांज है और वे फारेसट कारपोरे ांन फारेस्ट वैलफेयर को एक्सप्लौर करती है। उनको आगे मार्किट में जो सेल करते है उस पर इनकम टैक्स नहीं लगता। लेकिन हमारे यहां जो फारेस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड बना है इसको अगर कोई इनकम होगी तो उसके उपर इनकम टैक्स लगेगा। स्पीकर साहब आज दे । के अंदर इंनकम टैक्स की रे ाों जिस तरह से है वह आप जानते है। उस रे ाों के हिसाब से फारेस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड में जो इनकम होगी, उसका सत्तर परसैंट इनकम टैक्स में निकल जायेगा। स्पीकर साहब, आप यह भी जानते है कि फोरेस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड का मामला बड़ा कंट्रोवर्सि ायल बना हुआ है। आज से तीन साल पहले दे । में ग्रो मोर टरीज की एक बड़ी भारी स्कीम चली थी।

स्पीकर साहब आपकी नालेज के लिए चौधरी लाल सिंह जी यहां पर बैठे है। इनको पता है मेरे हल्कें और इनके हल्कें की एक एक बीघा जमीन चंडीगढ के आफिसर्ज ने खरीदी थी और उनके अंदर युकलिप्टस की प्लांटे ान की थी। आज उस जमीन पर दरखतों की तादाद करोड़ों तक बढ गई है जिसका क्लेम आज यह सरकार करती है कि वहां पर वे दरखत सरकार ने लगाये है। स्पीकर साहब, वे सारे दरखत जमींदारों के लगाये हुए है। पहले साल हरियाणा में जो बारह करोड़ दरखत लगाये गये थे, उसमें से तकरीबन नौ करोड़ दरखत प्राईवेट लैंड औनर्ज ने लगाये थे। स्पीकर साहब, जो युकलप्टस की प्लांटे ान लगाने की कोि ा ा करता है। इसलिए मैं सरकार को सुझाव दूंगा कि फारेस्ट डिवैल्पमैंट बोर्ड की बजाय इसका नाम फारेसट डिवैल्पमैंट कारपोरे ान रखा जाए। इससे यह फायदा होगा कि जो आफिसर्ज यह महसूस करते है कि हमारी सर्विसिज बोर्ड को ट्रांसफर हो गई है जोकि एक अटोनोमस बाडी है और इस पर सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है। कल कीपार्टी मीटिंग में मेरे ख्याल में ऐसा कोई एम0एल0ए0 नहीं है जिसने फारेस्ट बोर्ड की खिलाफत न की हो। सभी सदस्य बोर्ड के खिलाफ बोले। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि बोर्ड की बजाय इसको कारपोरे ान बना दिया जाए ताकि उस पर सरकार का कंट्रोल रहे। कारपोरे ान बनाने में आफिसर्ज में जो डिसकंटैंटमैंट है वह भी दूर हो जायेगी। स्पीकर साहब, मैं एक बात यह भी कहना चाहता हूं कि आज सरे दे ा के अंदर ईमानदारी का प्रचार चल

रहा है और ईमानदार अफसरों की सरककार ने होंसलाफजाई की है। हमारे यहां एक चीफ कंजवेटर आफ फारेस्ट है चौधरी गुरनाम सिंह। वे ईमानदार आफिसर है। चीफ मिनिस्टर साहब इस बात की इंक्वायरी करवा लें, अगर ईमानदार अफसरों की लिस्ट बनानी हों तो दो लाख अफसरों की लिस्ट में चौधरी गुरनाम सिंह नम्बर एक पर अवल दर्जे के अफसर गिने जाएंगे। वे एक नम्बर पर आएंगे, दूसरे नम्बर पर नहीं आएंगे। स्पीकर साहब, उस आफिसर की जो टैक्नोलोजी है उसकी जो क्वालीफिके ान है, उसकी जो नालेज है उसके हिसाब से उसको ओ0एस0डी0 बना रखा है लेकिन न उसके पास दफ्तर है न स्टाफ है और न ही उसके पास कोई काम है फिर भी सरकार उसको तनख्वाह देती है। वह तनख्वाह लेता रहेगा उसको कोई दिक्कत नहीं है। मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि सरकार उससे काम ले और सरकार को उसकी सर्विसिज युटिलाइज करनी चाहिए। मैं यह बात तो कहने के लिए तैयार हूं कि यदि किसी आदमी को एडजैस्ट करना है तो अभी फतेहाबाद कांस्टीच्युएंसी का इलैक ान होना है। वहां से उसको टिकट दे दें वह वहां से जीत जाएगा और उसको अरोड़ा साहब की जगह वजीर बना देना कोई दिक्कत की बात नहीं है इस तरह से एडजैस्ट हो सकता है। बोर्ड के बारे में सब के एप्रीहैंसज है कि बोर्ड पर सरकार कंट्रोल तो कोई रहेगा नहीं, जिस तरह से मर्जी पैसा खर्च करें। यह बात ठीक है कि दस रूपये का टोकन पास कर लिया और बाद में एप्रोप्रिए ान बिल बिल कर इस पैसे को पास कर दिया जाएगा उस समय हम लोग

भी वोट करेंगे और वह पास हो जाता है। उसकी स्पोर्ट में उस समय मैं भी वोट करूंगा। मैं सरकार को यह सुझाव देना चाहता हूं कि सरकार इस बारे में गौर से विचार करे कि बोर्ड को जो नफा होगा वह इनकम टैक्स में चला जाएगा इससे फायदा क्या होगा? स्पीकर साहब, आज हरियाणा में लोग काफी एजूकेट हो चुके है और यह एक बिजनैस बन चुका है इसलिए प्राईवेट आदमी और हर व्यापारी जो टैक्स पे करते है वे हर साल 100, 200 और 400 तक युकलिप्टस के दरखत लगाते है, ज्यों ज्यों जमीन की अवेलिबिलिटी होगी त्यों त्यों प्लांटे ान बढ़ती चली जाएगी। इसमें कोई दो राय नहीं है। स्पीकर साहब एक आदम कैस प्लांटे ान करवा लेगा, इतना बड़ा महकमा है? प्लांटे ान काकाम तो फारेस्ट डिपार्टमेंट करता है लेकिन इस फारेस्ट बोर्ड का एक आदमी कैसे प्लांटे ान करवा लेगा, यह पता नहीं? आज से चार साल पहले कहते थे कि कोई प्लांटे ान नहीं हुई। उस समय उसके पास प्लांटे ान के लिए पचास लाख रूपये भी नहीं थे, लेकिन आज प्लांटे ान के लिए बतीस करोड़ रूपये है। आप यह देखें कि इस समय क्वंटम आफ मनी प्लांटे ान के लिए कितना मिला है। उस समय बजट में प्लांटे ान के लिए पैसा कम था तो प्लांटे ान कैसे होती? वर्ल्ड बैंक से लोन मिला है उससे प्लांटे ान हुई है। स्पीकर साहब, सरकार को ठंडे दिल से सोच लेना चाहिए कि आया सरकार को बोर्ड से फायदा होगा या कारपोरे ान बनाने से फायदा होगा। मैं तो यही कहता हूं कि जिस तरफ सरकार को फायदा नजर आए वही बात करे। सरकार

को स्टेट के हित की बात करनी चाहिए, किसी एक इंडिविजुअल के हित की बात नहीं करनी चाहिए। इसमें प्रैसटीज की कोई बात नहीं है। सरकार का प्रैस्टीज हमे ाा ऊंचा रहता है और ऊंचा भी रहना चाहिए। इसलिए मैं चीफ मिनिस्टर साहब से अपील करूंगा कि इस बारे में गौर करके विचार करें। यदि बोर्ड की बजाए कार्पोरे ान बना दिया जाए तो इससे आफिसर्ज में जो डिसकंटैंटमैंट है, वह भी दूर हो जाएगी और सरकार को भी फायदा होगा। इन भाब्दों के साथ में मैं इसकी रिपोर्ट करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

चौधरी धीरपाल सिंह (बादली): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से, हाउस के अंदर सप्लीमैंटरी एस्टिमेटस आई है, उनका विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं। हम बार बार एस0ई0 और एक्सीयन के पास जाते है और कहते है कि हमारे हल्कें की सड़कों की हालत बहुत खराब है उनकी तरफ ध्यान दिया जाना चाहिए। ये अधिकारी भी रूलिंग पार्टी के सदस्यौं की सड़कों को ठीक कर देते है और रूलिंग पार्टी का हर सदस्य अपने अपने इलाके में चार चार, पांच पांच किलोमीटर की सड़कें बनवा लेता है लेकिन इस काम में विरोधी पक्ष के सदस्य पीछे रह जाते है। उनके हल्कों में नई सड़कों का निर्माण बिल्कुल भी नहीं हो पता। विरोधी पार्टी के सदस्य इस काम के लिए मंत्री/मुख्य मंत्री तथा अधिकारियों को कहते कहते थक जाते है। इस मांग नं0 8 में जो धन रा ि ा मांगी जा रही है, यह

राजनीतिक भावना को और अधिक बढ़ावा देगी क्योंकि विरोधी पार्टी के सदस्यों के हल्कों में कोई काम नहीं हो पायेगा। जितनी भी सड़कें बनेंगी वे सभी की सभी रूलिंग पार्टी कै सदस्यों के हलकों में बनेगी।

अध्यक्ष महोदय, बाढ़ से रोहतक जिले का बहु त बुरा हाल है। इस बाढ से रोहतक जिले की 99 प्रति ात सड़कें टूट कर खराब हो चुकी है और मेरा ख्याल है कि इन सड़कों को दुबारा मुरम्मत करना संभव नहीं हो पायेगा। रोहतक के हर कस्बे में पानी भरा हुआ है। बादली से रोहतक, रोहतक से झज्जर, झज्जर से छारा, रोहतक से गोहाना, रोहतक से हिसार और रोहतक से जींद आदि सभी भाहरों को जाने वाली सड़कें इस बाढ की वजह से बंद हो चुकी है। रोहतक जिले कें अंदर रहने वाले लोग बहुत दुखी है। आजादी से पहले यानि 1947 से पहले रोहतक जिला सभी जिलों से अच्छा जिला माना जाता था लेकिन आज राजनितिक परिस्थितियों के कारण इस भाहर का बहुत बुरा हाल हो चुका है। वहां पर न सड़क बनाई जा रही है और न ड्रेनें बनायी जा रही है। जो ड्रेनें बनी हुई है उनकी खुदाई की तरफ भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रोहतक जिले में एक छुडानी ड्रेन है। इस ड्रेन के अंदर बहुत अधिक पानी की मार रहती है। क्योंकि इस ड्रेन के अंदर मातन, छारा, खरहर आदि इलाकों का पानी आ जाता है। यह ड्रेन लुक्सर गांव के पास जा कर बंद हो जाती है। इस ड्रेन की इतनी कैपेसिटी नहीं है कि

इस सारे इलाकें के पानी को समेट सके। छुड़ानी ड्रेन, लुक्सर के पास जा कर खत्म हो जाती है जिस के कारण सारे गांव का बहुत बुरा हाल है। यह हाल इसलिए है क्योंकि इस ड्रेन के अंदर तीन–चार ड्रेनों को मिला दिया गया है। इस संबंध में मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इस तरफ ध्यान दिया जाना चाहिए। इसी प्रकार से बहादुरगढ़ सब डिविजन और झझज सब डिविजन का भी बहुत बुरा हाल है। मांग नं0 8 में जो धन रा ि ा मांगी जा रही है उसके लिए बे ाक और रा ाी मांग ली जाए किसी को कोई ऐतराज नहीं होगा यदि हर जगह खराब हुई सड़कों की मुरम्मत ठीक प्रकार से कर दी जाए। स्पीकर साहब, आज सड़कों पर जो मैटीरियल डाला जाना चाहिए उस हिसाब से रोड़ी तारकोल आदि नहीं डाला जा रहा। पहले सूखी रोड़ी डाल दी जाती है फिर तारकोल डाला जाता है लेकिन तारकोल को पूरी मात्रा में डाला नहीं जा रहा। पता नहीं तारकोल को कहां पर ब्लैक में बेचा जाता है या कहां पर भेजा जाता है? इस संबंध में सरकार से प्रार्थना है कि इस तरफ गौर किया जाये। इस संबंध में मेरी यह भी प्रार्थना है कि सड़कों पर जो मैटीरियल डाला जाता है उस के अनुपात को मुख्य मंत्री जी या संबंधित मंत्री जी स्वयं चैक करने जाएं और देखें कि किस रे ाों से मैटीरियल डाला जा रहा है। मैंटीरियल का हिसाब किताब कागजों तक ही सीमित रहता है असल में प्रैक्टिकल तौर पर कुछ नहीं हो पाता। स्पीकर साहब मैं हाउस की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि छारा से झझर को जो सड़क जाती है जब से वह सड़क बनी है तब से

आज तक इस सड़क को दुबारा मैटीरियल डाल कर ठीक नहीं किया गया। इस संबंध में मेरी सरकार से प्रार्थना है कि सरकार बहादुरगढ़ सब डिविजन की तरफ तुरंत ध्यान दें और वहां की हालत को ध्यान में रखते हुए उचित पग उठाये। स्पीकर साहब, आप स्वयं चल कर देख लें। आपकों अहसास हो जाएगा कि वहां की हालत कितनी भाोचनीय है।

श्री अध्यक्षः यदि आप बुलाएंगे तो मैं जरूर आउंगा।

चौधरी धीरपाल सिंहः स्पीकर साहब, हमारी प्रार्थना है कि आप वहां पर आए और सारे हालात को स्वयं देखें। झझर, छारा, सांपला रोड पर पी0डब्ल्यू0डी0 के रिकार्ड के मुताबिक तो सड़क पर पुलिया बनी हुई है लेकिन असल में कुछ नहीं हुआ है। वहां पर ये पुलियां कच्ची बनायी हुई है। जब बाढ कै दिन आते है तो लोग पानी उतारने के लिए इन पुलियों को खोल देते है और जब बाढ का समय खत्म हो जाता है तो पी0डब्ल्यू0डी0 के कर्मचारी इनको मिट्टी से भर देते है। मेरा कहने का मतलब यह है कि उन पर पक्की छत आज तक नहीं डाली गयी। इसलिए सरकार से प्रार्थना है कि इस ओर ध्यान दिया जाये।

अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार से दिसौर खेड़ी मैं बच्चों का एक स्कूल है, उसकी भी हालत बहुत खराब है क्योंकि उसकी छत गिर चुकी है। इसी प्रकार से मातन में प ाुओं का एक हस्पताल पिछले साल ही बनाया गया था, उसकी हालत बहुत

खराब है, वह भी गिर गया है। वहां पर किस प्रकार का मैटीरियल लगाया गया है, इसकी जांच होनी चाहिए।

स्पीकर साहब, इसी प्रकार से रोहतक भाहर की तरफ भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। बाढ के कारण वहां का भी बहुत बुरा हाल है। रोहतक भाहर में जब भी बारि ा होती है, बारि ा का सारा पानी इक्ट्ठा हो जाता है। पानी के निकास का कोई साधन नहीं है। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। पानी न निकलने के कारण भाहर के अंदर मच्छर बहुत अधिक पैदा हो गए है जिससे बीमारी फैलने का अंदे ाा हो गया है। यह सब कुछ सरकार की बदनियत के कारण हुआ है। स्पीकर साहब, जब भाहर का यह हाल है तो गांवों का क्या हाल होगा, यह आप स्वयं अंदाजा लगा सकते है।

स्पीकर साहब, अब मैं मांग नं0 13 के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। यह मांग हरियाणा हरिजन कल्याण निगम के लिए है। हम भी चाहते है कि सरकार को हरिजनों के कल्याण की तरफ ध्यान देना चाहिए। इस स्कीम के तहत बादली के पास सरकार ने 600 के करीब प्लाट काटे है। जब भी कोई चुनाव आता है तो इस प्रकार के प्लाट काट कर हरिजनों को दे दिए जाते है। स्पीकर साहब ये सारे के सारे प्लाट ड्रेन नं0 8 के साथ लगते हुए काटे गए है। यह पंचायत की जमीन है। मैंने बार बार हरिजन भाइयों को कहा है कि आप वहां पर प्लाट ने लें क्योंकि कल को यदि ड्रेन नं0 8 या साहिबी नदी टूट गयी तो 600 के

600 परिवार बर्बाद हो जाएंगे और हजारों आदमियों को जान से हाथ धोना पड़ेगा। इस संबंध में मेरा सरकार को अनुरोध है कि ऐसा गलत रास्ता नही अपनाना चाहिए। जब सरकार इनके लिए करोड़ों रूपये खर्च कर रही है तो इनको अच्छी जगह पर जमीन ले कर देनी चाहिएं।

स्पीकर साहब, अब मैं मांग नं0 20 पर आता हूं। अध्यक्ष महोदय, जिससमय फौरेस्ट एक्अ बनाया गया था, उस समय ट्रैजरी बैंचिज के और विरोधी पार्टी के सदस्यों ने काफी एतराज किया था लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया।

श्री अध्यक्षः आपका समय खत्म हो गया है। अब आप बैठ जाईए।

चौधरी धीरपाल सिंहः स्पीकर साहब, सिर्फ दो मिनट और दे दीजिए।

श्री अध्यक्षः आपने पहले ही बहुत समय ले लिया है। इसलिए अब आप बैठ जाएं। अब डा0 ओम प्रका ा वर्मा बोलेंगें।

डा0 ओम प्रका ा भार्मा (जगाधरी): स्पीकर साहब, इस समय हाउस में सप्लीमैंटरी एस्टीमेटस ग्रांटस पर चर्चा चल रही है। मैं इन डिमांडज के समर्थन में खड़ा हुआ हूं। स्पीकर साहब, जहां मैं इन डिमांडज का समर्थन करता हूं वहां साथ ही साथ मैं अपनी तरफ से डिमांड नं0 11 पर कुछ सुझाव देना चाहूंगा। इसके साथ ही साथ मैं मुख्य मंत्री जीसे रिकवैस्ट करूंगा और

आ वासन चाहूंगा कि जो बात मैं कहूं उन पर ध्यान दिया जाए। डिमांड नं0 11 में जमीन एक्वायर करने की बात कही गयी है यानी भाहरी विकास की बात कहीं गई है। इसी स्कीम के तहत मेरे भाहर में भी हुड्डा की तरफ से एक स्कीम चलाई जा रही है। हुड्डा ने तीन सौ एकड़ से ज्यादा जमीन खरीदी और इस स्कीम को तीन पार्टस में बांट दिया। स्पीकर साहब, इस स्कीम के तहत बड़ी ज्यादती होने जा रही है। इस जमीन पर तकरीबन डेढ हजार से ज्यादा लोगों के मकान बने हुए है सौ से अधिक दुाकनें बनी हुई है चार मंदिर है दो आटा मिल्ज है चार सा–मिल्ज है दो स्कूल है और एक पैट्रोल पम्प है। तकरीबन तीन सौ के करीब कोठे है। अगर इस स्कीम को एज इट इज सरकार की तरफ से लागू किया गया तो मैं समझता हूं कि हजारों मकान डेमोलि ा करने पड़ेंगे। जहां तक अर्बन डिवैल्पमैंट का ताल्लुक है, यह डिवैल्पमैंट भाहरों में होगी और म्यूनिसिपल लिमिट के अंदर होगी। जगाधरी म्युनिसिपल एरिया है और इसका सारा एरिया लगभग चार सौ या पांच सौ एकड़ के करीब है। जमुनानगर म्युनिसिपल एरिया में यह स्कीम लागू हो रही हैं और इसी तरह से जगाधरी में होगी। स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी से कहूंगा कि यह एरिया तो आलरेडी बिल्ट–अप है, लोगों ने अपने खून पसीने की कमाई से इस मंहगाई के जमाने में एक एक, दो दो कमरेां के मकान बड़ी मु कल से बनाए है। इन लोगों ने अपना सर छुपाने के लिए ठिकाना बनाया हुआ है। मैं मुख्य मंत्री जी से रिक्वैस्ट करूंगा कि इन लोगों को इस स्कीम के

तहत न उठाया जाए, इस संबंध में मैं मुख्य मंत्री जी की तरफ से आ वासन चाहता हूं। वहां पर छोटी–छोटी फैक्ट्रयां बनी हुई है छोटे छोटे कारखाने बने हुए है। इन लोगों के खिलाफ ऐसी कोई कार्यवाही न की जाए जिससे उनको नुकसान हों। मैं चाहूंगा कि मुख्य मंत्री जी इस बारे में कोई ऐसा कदम नहीं उठाएंगे जिससे इन गरीब लोगौं को नुकसान हो ताकि लोग आपकी लम्बी उम्र के लिए दुवाये दें और इन दुवाओं से इनके राज की अवधि लम्बी होगी। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

मास्टर ि ाव प्रसाद (अम्बाला भाहर): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं डिमांडज के ऊपर अपने विचार रखना चाहता हूं। डिमांड नं0 8 में लिखा हुआ है कि सोनीपत के छोटे सचिवालय के लिए 220 एकड़, 5 कनाल, 11 मरले भूमि एक्वायर की है। अध्यक्ष महोदय, मैं अध्यापक हूं इसलिए मुझे इस बात का दुख है कि अध्यापक क्षेत्र में काम करने वाले जिन अध्यापकों ने, न मालूम किस तरीके से किन आर्थिक कठिनाइयों का सामना करते हुए प्लाटस ले लिए है और आज हम उन प्लाटस को एक्वायर करने जा रहे है। इन प्लाटस को एक्वायर करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस छोटे से सचिवालय के लिए तो 220 एकड़ भूमि ही काफी है। इसी संबंध में मैं एक और बात गवर्नमैंट के सामने रखना चाहता हूं। मैंने पहले भी एक दो सुझाव दिए थे। एक सुझाव ऐसा था जिस पर अमल करने से सचिवालय मुफ्त में बन

सकता है लेकिन इस तरफ सरकार का कोई ध्यान नहीं गया। यह ठीक है कि अम्बाला में एक छोटे सचिवालय की जरूरत है। मैंने पिछली बार भी सुझाव दिया था कि सै ान कोर्ट के सामने जेल विभाग की बहुत सारी जमीन खाली पड़ी है और यह जमीन अम्बाला छावनी और अम्बाला भाहर के बीच में पड़ती है। सैंकड़ों बसें रोजाना आती जाती है। अगर वहां छोटा सचिवालय बना लिया जाए तो उस जमीन का सही इस्तेमाल होगा। आप को उस जमीन का भाुरू में 50–60 लाख रूपया देना पड़ेगा। जिस जगह पर अब सचिवालय बना रहे हे वह जमीन 200 रूपए गज बिक रही है और इसी भाव से यहां पर भी बिकेगी। दो सौ रूपए गज के हिसाब से प्लाटस बिकने से जो आमदनी होगी उसी आमदनी से छोटा सचिवालय बन सकता है लेकिन सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही, ध्यान दूसरी तरफ दे रही है जिसमें गरीब अध्यापकों के प्लाटस है। छोटे छोटे अध्यापकों ने बड़ी कठिनाइयों से प्लाटस ले रखे है अगर उन प्लाटस को गवर्नमैंट ने एक्वायर किया है तो छोड़ दिया जाए और छोटे सचिवालय के लिए तो दो सौ एकड़ की जमीन ही काफी है।

अध्यक्ष महोदय, जहां तक सड़कों का सवाल है आज बरसात की वजह से बहुत सी सड़कें टूट गई है। अगर सरकार थोड़ी देर पहले इस समस्या का सामना करने के बारे में सोच लेती तो इसका इलाज हो सकता था और सड़कों की इतनी बरबादी न होती। यह तो अम्बाला ब्लोक है इस में नंगल का

हल्का भी आता है। आपक पुराना हल्का और नया हल्का इसी ब्लौक में आता है। इस हल्कें में जो सड़क कैथल को आती है, वह बरसात में बहुत ज्यादा खराब हो गई है और सड़क के दोनों ओर दो सौ गज की दूरी तक पानी ही पानी था। लोगों को आने जाने से बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ा। जो नग्गल गांव है यह नगल कांस्टीच्युएंसी का केंद्र है। इसके बराबर टांगरी नदी बहती है। टांगरी नदी और मारकंडा के बीच में जो इलाका है इसमें पानी का निकास कहीं भी नहीं है। यहां पर तीन रास्ते पड़ते है जो टांगरी और घग्गर नदियों की तरफ जाते है। इस एरिये में पानी के निकास का कोई रास्ता नहीं जो बरसाती पानी को इधर उधर निकाल सके। अगर सरकार इस बरसाती पानी को निकालने की स्कीम पहले ही दीमाग में रखती है और पानी के निकास के दो तीन रास्तें बनाए होते तो यह प्रोब्लम न आती और न ही सड़कों का इतना नुकसान होता। इस एरिये में नग्गल, हसनपुर, अदोमाजरा, नडियाली, खैरा, इस्माईलापुर, टंगियारियां वगैरा कई गांव पड़ते है जिन में बरसाती पानी खड़ा है पानी का कोई निकास नहीं है। लोगों की कई फसलें तबाह हो गई है, लोगों को बड़ा भारी नुकसान हुआ है। आज भी आप जा कर देख सकते है खेतों में पानी खड़ा है। अगर समय पर इस तरफ ध्यान दिया जाता तो मैं समझता हूं कि देहातों की सड़कों पर जो पानी खड़ा हुआ है वह खड़ा न रहता।

श्री निर्मल सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। स्पीकर साहब, भाायद आनरेबल मैम्बर को जानकारी नहीं नग्गल गांव के पास जो एस0वाई0एल0 नहर बन रही है उस में इनलैटस लगाने लग रहे है। इस वक्त काम चल रहा है एक्सपैरिमैंट के तौर पर एक इनलैट बन गया है और बाकी आहिस्ता आहिस्ता बन जायेंगे। वहां पर चीफ इंजीनियर गये है और वे इसका इंतजाम कर रहे है।

मास्टर ि ाव प्रसादः स्पीकर साहब, पानी के निकास के लिए कोई न कोई रास्ता बनना चाहिए।

मास्टर ि ाव प्रसादः स्पीकर साहब, मैं चाहता हूं कि इस समस्या का परमानैंट इलाज हो और अगर गवर्नमैंट का पैसा स्कीमों पर लगेगा तो ठीक रहेगा। दूसरी बात मैं एउमिनिस्ट्रेटर्ज के बारे में कहना चाहता हूं सबसे बड़ी दिक्कत भाहरों में यही है कि एडमिनिस्ट्रेटर बदलते रहते है जिससे भाहरों की डिफिकल्टीज दूर नहीं हो पाती। एक एडमिनिस्ट्रेटर आता है वह साल छः महीने रहता है बाद में उसको बदल दिया जाता है और जो नया आता है उसको भाहर की सही पोजी ान का पता नहीं होता। इसका परिणाम यह होता है कि भाहरों का बरसाती पानी बरसात में बाहर नहीं निकल पाता। स्पीकर साहब, सारे हरियाणा के भाहरों में, सिवाय अम्बाला भाहर के किसी दूसरे भाहर के साथ भाहर का लफज नहीं लगता लेकिन फिर भी यह भाहर नरक बना हुआ है। सड़कों पर, गलियों में अब भी बरसाती पानी चल रहा

है, गंदगी के ढेर पड़ें है जिनसे बदबू आती है ओर बीमारी फैलने का अंदे ाा है। आप देखें पार्क के सामने एक बड़ा दरवाजा है। अगर कभी मंत्री महोदय को मौका मिले तो जरूर जाकर देख सकते है। इस पार्क से आगे कोई गली ऐसी नहीं मिलेगी जो टूटी न हो। हम लोगों के नुमायंदे है इसलिए हमें इन बातों का पता होता है। पिछली बरसात में लोगों को जो दिक्कत रही है वह दूर होनी चाहिए लेकिन दुख के साथ कहना पड़ंता है कि इतनी देर में एडमिनिस्ट्रेटर बदल जाता है और नया आदमी होने की वजह से काम नहीं हो पाता।

अब एक बात मैं सोि ायल वैल्फेयर के बारे में कहना चाहता हूं। आज सरकार हरिजनों का दम भरती है। हरिजनों के बच्चे जो कालिजिज में पढ़ते है, राजनीतिक दृश्टि से सरकार ने उनके वजीफे की रा ाी बढ़ा दी है लेकिन कुल राि ा नहीं बढाई जिसका परिणाम यह हुआ कि जितने वजीफे मिलने चाहिए थे उतने नहीं मिले। राजनैतिक लाभ उठाने के लिए वजीफों की रा ाी तो बड़ा दी लेकिन कुल रा ाी नहीं बढाई वह उतनी ही रखी है यह भी बढ़नी चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को वजीफा मिल सके। मैं इन डिमांडज का इसलिए विरोध करता हूं कि अगर सरकार ने सही तौर पर ध्यान दिया होता तो सप्लीमैंटरी डिमांड दोबारा हाउस में पे ा करने की जरूरत न पड़ती। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री अध्यक्षः अब आनरेबल फाईनैंस मिनिस्टर बोलेंगें।

श्रीमती चंद्रावती: अध्यक्ष महोदय, अभी तो काफी टाईम है। मेरी पार्टी के कुछ सदस्य बोलना चाहते है।

श्री अध्यक्ष: कौन–कौन बोलना चाहता है?

श्रीमती चंद्रावती: श्री ओम प्रका ा और मनफूल सिंह जी बोलना चाहते है।

श्री अध्यक्ष: मैडम, आपकी पार्टी में स्वयं कुछ कोआर्डिने ान होना चाहिए। मुझे जो लिस्ट दहिया साहब की तरफ से मिली है इसमें न तो मनफूल सिंह जी का नाम है और न ही श्री ओम प्रका ा जी का नाम है। मेरी समझ में नहीं आता कि आप लोग क्या करते है?

श्रीमती चंद्रावती: फिर मुझे ही थोड़ी देर बोलने दीजिए।

Mr. Speaker: Madam, I have now called upon the Finance Minister. You please take your seat.

श्रीमती चंद्रावती: अभी स्पीकर साहब, काफी टाईम है।

श्री अध्यक्ष: मैं फाईनैंस मिनिस्टर साहब को काल अपोन कर चुका हूं।

श्रीमती चंद्रावती: इसमें कोई फर्क नहीं पड़ता। स्पीकर साहब, नाम तो बाद में भी ऐड किये जा सकते है। दहिया जी

थोड़ी देर के लिए बाहर गए हुए थे इसलिए यह नाम ऐड नहीं हो सके।

श्री अध्यक्षः पर यह लिस्ट तो दहिया जी की तरफ से ही आई है।

श्रीमती चंद्रावतीः स्पीकर साहब, वैसे तो सै ान ही बहुत कम होता है और अब जब सै ान हुआ है तो इमसे मेरी पार्टी के लोगों को कम टाईम मिल रहा है। इसलिए मैं चाहती हूं कि हमें बोलने दिया जाए।

Mr. Speaker: I have already called upon the Finiance Minister and he is on his legs. He will speak now. (Noise & interruptions)

वित मंत्री (चौधरी कटार सिंह छोकर): अध्यक्ष महोदय, सप्लीमैंटरी ऐस्टिमैटस के थ्रू कोई ज्यादा अमाउंट नहीं मांगा गया है। केवल चार डिमांडज रखी गई है। इनमें से पहली डिमांड चार्जड डिमांड है। इस पर कोई वोटिंग नहीं होनी है क्योंकि यह ऐसी रा ि ा है जो अदालत के हुक्म से खर्च हुई है। यह डिकिटल अमाउंट है। इसके बावजूद भी मानयोग सदस्यों ने अपनी अपनी बातें कहीं क्योंकि उन्हें बात कहने का मौका मिला। डिमांड नं0 8 पी0डब्ल्यू0डी0 की बाबत है। इसमें भी तीन–चार रा ि ायां ऐसी है जो अदालत के कम्पनसे ान बढ़ाने की वजह से देनी पड़ी। कंटिनजैंसी फंस से इस पैसे को दे दिया गया था। अब चूंकि उसे हमने रीकूप करना है इसलिए डिमांड नं0 8 में यह

अमाउंट द ार्किया गया था। एक मुख्य इतराज जो मानयोग सदस्यों की तरफ से आया, वह यह है कि पहले सरकार कम्पनसे ान की पूरी रा ाी लोगों को नहीं देती।

श्री फतेह चंद विजः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। अभी क्वै चन आर में मुख्य मंत्री जी ने कहा था कि हरियाणा के सारे गांव सड़कों से मिला दिए गए है। अध्यक्ष महोदय उनकी वह बात ठीक नहीं है और मैं उसे चैलेंज करता हूं क्योंकि वित मंत्री जी की कांस्टिचुएंसी के सात गांव ऐसे है जहां सड़कें नहीं है। उनके नाम है बिसक, बेसकागढ़ी, रानामाजरा, जलालपुर, पत्थरगढ, के ावपुर और निवादा। (विघ्न)

चौधरी कटार सिंह छोकरः अध्यक्ष महोदय, ये मेरी कांस्टीच्युएंसी के गांव है। इन्हें पता नहीं क्यों फिक्र हो रहा है। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, इनके इस एतराज में काफी बल है कि कम्पनसे ान का जो पैसा है वह पहले ठीक नहीं दिया जाता रहा और यह हमे ाा अदालत से बढ़ जाता है। पिछली दफा भी सदन में इस बारे में बातचीत हुई थी और मुख्य मंत्री जी ने वि वास दिलाया था कि आगे से यह रा ि ा मार्किट रेट से दिया करेंगे। ये जो रा ि ायां है ये बहुत पहले की है और इनके केस काफी समय से अदालतों में पड़े हुए थे। आप जानते है कि अदालतों के मामलों में हम दखल दे नहीं सकते। अगर लोग अदालतों से अपने केस वापिस ले लें तब तो सरकार कुछ कर सकती है वरना नहीं। आगे के लिए सरकार का ऐसा कोई इरादा नहीं है कि

लोगों को कम्पनसे ान मार्किट प्राइस के हिसाब से न दियाजाए। ऐसा वि वास जैसा मैंने पहले कहा पिछली बार मुख्य मंत्री जी ने हाउस में दिलाया हुआ है इस मामले मैं अब माननीय सदस्यों को ज्यादा परे ाान नहीं होना चाहिएं।

जहां तक अध्यक्ष महोदय, सड़कों की बात है, इन्होंने कहा कि सड़कों की हालत प्रदे ा में खराब हो गई है। अध्यक्ष महोदय, आप भी जानते है कि इसका मुख्य कारण बारि ा है। टैक्निकल बात यह है कि अगर एक दिन भी सड़क पर पानी रूक जाए तो तारकोल बह जाता है। तारकोल और पानी की बड़ी भारी दु मनी है।

श्रीमती चंद्रावतीः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर मैं वित मंत्री जी से यह जानना चाहती हूं कि मद्रास और बम्बई में जहां बहुत बारी ा होती है क्या वहां भी सड़कें एकदम से बह जाती है या केवल हरियाण में ही बहती है?

चौधरी कटार सिंह छोकरः यह तो आप कहीं भी जाकर देख लें। इसका एक ही इलाज है कि सड़के काफी ऊंची बनाई जाए। सड़कें जब ऊंची बनाई जाती है तो कुछ देर मामला ठीक रहता है लेकिन बाद में अहिस्ता आहिस्ता हालात बदल जाते है। दुाकनों को लोग बना लेते है, उनके प्लेटफार्म ऊंचे हो जाते है, ड्रेनेज सिस्टम ऊंचा हो जाता है और सड़कें नीची पड़ जाती है।

स्पीकर साहब, कुछ माननीय सदस्य इस बात पर बड़े ऐजिटेटिड है कि मैटीरियल खराब लगता है। जहां तक इस बात का संबंध है तारकोल हम सरकारी ऐजेंसी से खरीदते है किसी प्राईवेट से नहीं क्योंकि यह बनता ही सरकारी कारखानों में है। रोड़ी भी सड़कों पर ठीक पड़ती है लेकिन अगर पानी सड़कों को काट दे तो इसमें सरकार का क्या दोश है? सरकार भी इस बात से बड़ी दुखी है क्योंकि सड़कों को दुबारा बनाने में फिर पैसा खर्च करना पड़ता है।

श्री हीरा नंद आर्यः अध्यक्ष महोदय, इसका मुख्य कारण मैं यह भी समझता हूं कि अन–अथोराइज्ड कालोनीज बनती जा रही है। पहले आबादी में जोहड़ हुआ करते थे और फालतू पानी उसमे ंचला जाया करता था लेकिन अब वे बनने बंद हो गए है। ड्रेनेज सिस्टम सरकार बना नहीं पाती। इस वजह से भी सड़कें खराब हो रही है।

